## सार-समाचार

### सुपरफास्ट ट्रेनों का नावां सिटी स्टेशन पर ठहराव

**कोटा,** (निसं)। रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु कोटा-श्रीगंगानगर-कोटा सुपरफास्ट (सप्ताह में 04 दिन) एवं झालावाड़ सिटी-श्रीगंगानगर-झालावाड़ सिटी (सप्ताह में 03 दिन) रेलसेवाओं का प्रायोगिक तौर पर नावां सिटी स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 22982,श्रीगंगानगर-कोटा सुपरफास्ट (सप्ताह में 04 दिन) का दिनांक 18.09.2023 से नावां सिटी स्टेशन पर आगमन/ प्रस्थान 03.26/03.28 बजे दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22981, कोटा-श्रीगंगानगर सुपरफास्ट (सप्ताह में 04 दिन) का दिनांक 18.09.2023 से नावां सिटी स्टेशन पर आगमन/ प्रस्थान 23.14/23.16 बजे दिया गया है। गाड़ी संख्या 22998, श्रीगंगानगर-झालावाड़ सिटी सुपरफास्ट (सप्ताह में 03 दिन) का दिनांक 19.09.2023 से नावां सिटी स्टेशन पर आगमन/ प्रस्थान 03.26/03रू28 बजे दिया गया है। इसी प्रकार गाडी संख्या 22997, झालावाड़ सिटी- श्रीगंगानगर सुपरफास्ट (सप्ताह में 03दिन) का दिनांक 20.09.2023 से नावां सिटी स्टेशन पर आगमन/ प्रस्थान 23.14/23.16 बजे दिया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा ने बताया कि सर्व-संबंधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ठहराव की उचित जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

### पर्यूषण पर्व का शुभारंभ

**रामगंजमंडी**(निसं)। शहर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्म आराधना एवं भक्ति का पर्यूषण पर्व का शुभारंभ मंगलवार से शुरू हो गया सुबह से ही भक्तों का जिनालयो में आने का सिलसिला जारी रहा।वहीं सभी भक्तजन पूजन एवं भक्ति आराधना में दिखाई दिए।महावीर दिगंबर जैन मंदिर महामंत्री पदम सुरलाया ने बताया कि सुबह से ही भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो गया अभिषेक के क्रम में अच्छी खासी कतार लगी हुई दिखाई दी। उन्होंने बताया कि पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व पर दशलक्षण पर्व पर श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पर भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी 19 सितंबर मंगलवार को प्रथम अभिषेक शांतिधारा के पुण्य लाभ देवेंद्र रजत सरवाड़िया द्वितीय शांतिधारा के पुण्य लाभ अशोक महावीर मयंक बाबरिया को प्राप्त हुआ। 10 लक्षण पर्व की बेला में प्रतिदिन 10 लक्षण महामंडल विधान किया जाएगा जिसका आज विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया।दशलक्षण महामंडल विधान पर मुख्य मंगल कलश स्थापना का सौभाग्य प्रियंका दिनेश सबद्रा व अन्य चार कलश स्थापना का सौभाग्य अनिता कमलेश सरवाड़िया रश्मि महेंद्र ठौरा सुलोचना संतोष लाम्बाबांस व मधु पदम सुरलाया को प्राप्त हुआ। संध्याकाल पर भक्तामर स्तोत्र से मंत्रित 48 दीपकों द्वारा महाआरती का सौभाग्य रमेशचन्द गौरव खटोड़ को मिला।

### श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ

**रामगंजमंडी** (निसं)। शहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विनायक चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक तक चलने वाले गणेश महोत्सव का मंगलवार को भक्ति और उत्साह के साथ शुभारंभ हो गया।दस दिन तक चलने वाले इस त्यौहार को लेकर श्रृद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही लोग बाजार में जाकर गणपति बप्पा की मूर्ति खरीदने में व्यस्त दिखाई दिए। हालांकि कुछ भक्त अपने अराध्य देव की मूर्तियां एक दिन पहले ही ले आये थे। गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को शोभायात्रा के बाद दोपहर शुभ मुर्हूत में विधिवत पूजा अर्चना के बादघरों में एवं गणेश पंडालों में मूर्तियां स्थापित की गईं।7मूर्ति स्थापना के साथ ही दस दिनों तक चलने वाले गणेश महोत्सव का शुभारंभ हो गया।इस दौरान दस दिवसीय चलने वाले श्री गणेश महोत्सव पर बाजारों मर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलेगी।शहर में लगभग 8 जगहों पर सार्वजनिक स्थानों पर श्री गणेश स्थापना की गई है।वहीं इस महोत्सव पर 4 स्थानों पर आकर्षक झांकियां भी देखने को मिलेगी।जिनमें पंचमुखी नवयुवक मंडल द्वारा स्टेशन चौराहा पर की गई श्री गणेश स्थापना व सजाई जाने वाली झांकियां भी शामिल हैं।

### गणेश महोत्सव का आगाज

**नैनवां** (निसं)। शहर में दस दिवसीय गणेश महोत्सव का आगाज हुआ। घर घर में व पंडालों में गजानन विराजे। शहर में जेल के गणेश जी महाराज, वार्ड नंबर 8 मंशापूर्ण महादेव मंदिर, अगड के बालाजी, कंकाली माता मंदिर, अहीरों का मोहल्ला ,राजघाट,चार हाटडिया, वार्ड नंबर 12 सहित कई स्थानों पर दस दिवसीय गणेश महोत्सव को मनाने के लिए पंडाल सजाए गए। गणेश महोत्सव को मनाने में युवाओं के साथ-साथ बच्चों व मातृशक्ति में भी अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्ण वैदिक विधि विधान के साथ मुहूर्त में आचार्य पंडितों द्वारा विधि विधान के साथ गजानन गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापना की गई। तो वहीं दूसरी और सैकड़ो की संख्या में गृहस्थ लोगों ने भी अपने-अपने घरों में दस दिवसीय गणेश महोत्सव को मनाने के लिए गणेश स्थापना कि यह पर्व चतुर्थी के दिन से अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाएगा।

### विशेष कलस्टर शिविर आज

**झालावाड़** (निसं)। मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले की नव विवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण करवाने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 20 सितम्बर को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक विशेष कलस्टर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) नरेश कुमार मालव ने बताया कि उक्त कैम्प में बीएलओ, सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह, ग्राम विकास अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर परिषद का एक-एक कार्मिक प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेगा। इस दौरान नव विवाहित महिलाओं के अतिरिक्त अन्य पात्र मतदाताओं का भी मतदाता सूची में शामिल करने हेतु पंजीकरण किया जाएगा।

### घर-घर में गणपति बिराजे

**मांगरोल** (निसं)। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मंगलवार को घर-घर में बाबा श्री गणेश जी महाराज की घट स्थापना की गई एवं श्री गणेश जी महाराज के मंदिर पर भगवान गणपति की सुंदर झाकी सजाई गई, छोटे-छोटे बच्चों ने जंजीरों पर जंजीरों राखी लंबी डोर के गीत गए वही मांगरोल क्षेत्र के भटवडा गांव में ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर मुंडे गणेश जी महाराज का तीन दिवसीय मेला लगा। भजन कीर्तन कवि सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जबकि बटवारा चौक में बिना शीश के गणेश जी महाराज का घर पूजा रहा है और गणेश जी का शीश रणथंबोर में जाकर पूजा रहा है कुंज चौक पर मंशापूर्ण गणेश जी महाराज पर सुंदर झाकी सजाकर महिला भक्तों ने के दर्शन कर बच्चों ने भजनों का आनंद लिया।

### पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्राची शर्मा सम्मानित

**कोटा,** (निसं)। विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय योगदान व प्रतिभा सिद्ध करने वाली महिलाओं को जयपुर स्थित आर्या ग्रुप ऑफ कॉलेज के सभागार में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूजा अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस बार भी कैटेगरी वाईस महिलाओं का चयन जूरी के माध्यम से किया। जिसमें आर्ट, कल्चर, शिक्षाविद, समाजसेवा, साइकोलॉजिस्ट, उद्योग, प्रेरक,. फैशन, मीडिया, माउन्टेनियर, लेखक, रेडियो जॉकी, सिंगर, कॉरपोरेट एल्युमनी, ज्वैलरी, मॉडल/एक्ट्रेस, इवेंट ऑर्गेनाइज़र, ब्लॉगर, वुमन बाईक राइडर, सेना, प्रशासनिक सेवा व म्यूज़िक बैंड सहित अन्य कैटेगरी शामिल थी। भारत वर्ष से चयनित प्रतिभागियों में कोटा की प्राची शर्मा को सामाजिक प्रकल्प में कार्य के क्षेत्र में प्रशस्ति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में अपूर्वा सिंह, प्रीति शर्मा, नीलम मुकेश विजय सहित समाजसेवी महिलाएं उपस्थित रही।

### शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत किया

**मांगरोल** (निसं)। कस्बे में मंगलवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम की जनवरी में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश भर में बजरंगदल और विश्व हिन्दू परिषद द्वारा जग जागरण हेतु निकाली जा रहु शौर्य जागरण यात्रा यह यात्रा सगोद से अंता ,सीसवाली से मांगरोल होकर बारां की और जायेगी तथा मांगरोल प्रखड विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष ललित गौतम, बजरंगदल जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर शर्मा, आर एस एस के नगर सयोजक हरिऔम शर्मा वसभी हिन्दू भाईयो ने अगवानी की तथा बारां रोड पर रंगबाडी बालाजी अध्यक्ष जगदीश बैघ व समिति के सलाकार मंत्री पुरुषोत्तम सोनी पुजारी भगवान जोशी,शोर्य जागरण रथयात्रा की आरती कर स्वागत किया जगह जगह भव्य स्वागत किया और शौर्य जागरण यात्रा की पुलिस सुरक्षा थाना अधिकारी रामस्वरुप मीणा की मौजूदगी में नगर के मुख्य मार्ग से यात्रा रथ निकला।

# विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के साथ अपनी सार्थकता साबित कर रहा है चंबल रिवर फ्रंट : धारीवाल

- निचली बस्तियों के लिए हमेशा सुरक्षा कवच बना रहेगा
- सिर चढ़कर बोल रहा है रिवर फ्रंट का क्रेज
- पूर्वी पश्चिमी छोर पर बड़ी तादाद में दर्शन करने पहुंचे



कोटा का चंबल रिवर फ्रंट लोगों को आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**कोटा,** (निसं)। चंबल नदी पर विकसित किए गए विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट जहां एक और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है वहीं चंबल किनारे बसी निचली बस्तियों के लिए कोटा बैराज से की जाने वाली भारी पानी की निकासी के बाद सुरक्षा कवच के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने चंबल नदी के बांधों से की जा रही भारी मात्रा में पानी की निकासी के बाद भी निचली बस्तियां जल भराव से पूर्णतया मुक्त रही इस पर उन्होंने कहा है कि रिवर फ्रंट हमेशा अपनी सार्थकता साबित करता रहेगा पर्यटकों के लिए चंबल रिवर फ्रंट आकर्षण का केंद्र तो बन ही रहा है वहीं सुरक्षा कवच के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने अधिकारियों से पानी की निकासी को लेकर भी फीडबैक लिया और रिवर फ्रंट पर शहर वासियों के लिए निशुल्क प्रवेश के बारे में भी जानकारी ली।

विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट को देखने का क्रेज सर चढ़कर बोल रहा है कोटा नगर विकास न्यास द्वारा मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर आमजन के लिए की गई निःशुल्क एंट्री की सुविधा का लाभ आमजन लेकर रिवर फ्रंट के पूर्वी और पश्चिमी छोर के अद्‌भुत नजारों को देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

न्यास सचिव मानसिंह मीणा ने बताया कि ऑनलाइन क्यूआर कोड प्राप्त कर पूर्वी और पश्चिमी छोर पर जीरो टिकट प्राप्त कर बड़ी संख्या में आमजन रिवर फ्रंट को देखने और यहां के प्रत्येक पॉइंट्स जहां बेजोड़ शिल्प वस्तु कला और विश्व स्तरीय मॉन्यूमेंट्स, फाउंटेन लाइटिंग सहित अन्य आकर्षण से आकर्षित होकर आनंदित हो रहे है।

## कोचिंग संस्थान पर आरोप लगाए

**कोटा,** (निसं)। विज्ञान नगर थाना इलाके में सोमवार को आत्महत्या करने वाली छात्रा के पिता मंगलवार को कोटा पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कोचिंग संस्थान पर पढ़ाई के लिए प्रेशर डालने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि वह कोचिंग संस्थान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी चाहते हैं। उनकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक छात्रा यूपी के मऊ की रहने वाली थी। छात्रा के पिता मंगलवार को कोटा पहुंचे और उन्होंने पोस्टमार्टम के पहले कोचिंग संस्थान पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थान में फैकल्टी भी उनकी बेटी को पढ़ाई के लिए परेशान कर रही थी और प्रेशर डाल रही थी। इस पूरे सुसाइड के लिए उन्होंने कोचिंग संस्थान को जिम्मेदार बताया। इस पूरे मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा शहर भगवत सिंह हिंगड़ का कहना है कि वह जांच पड़ताल कर रहे हैं कि आत्महत्या के क्या कारण रहे हैं। पिता ने कोचिंग संस्थान के खिलाफ रिपोर्ट दी है। ऐसे में कोचिंग संस्थान के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा। दूसरी तरफ शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## डीसीएम श्रीराम ऐग वॉटर चैलेंज के सेमी-फाईनलिस्ट्स की घोषणा

**कोटा,** (निसं)। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की परोपकारी शाखा डीसीएम श्रीराम फाउन्डेशन ने द/नज इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी में डीसीएम श्रीराम ऐगवॉटर चैलेंज के 16 सेमी-फाइनलिस्ट्स की घोषणा की है, चैलेंज का उद्देश्य भारत के कृषि-जल संकट को दूर करने में योगदान देने का है। इस ग्राण्ड चैलेंज के लिए आवेदन इसी साल जून में शुरू किए गऐं। कुल 134 आवेदनों में से ये 16 संगठन अब कुल रुपयें 2.6 करोड़ की पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें से रु 60 लाख का पुरस्कार राशि विशेष लक्ष्य हासिल करने वाले तीन फाईनलिस्ट्स को मिलेगी। खेती से जुड़े कई मुद्दों का सीधा कारण है कृषि-जल प्रबन्धन का ठीक न होना। भारत के कुल ताज़े जल की 78 फीसदी खपत कृषि में होती है, जिसमें से भूमिगत जल का योगदान 62 फीसदी है। भूमिगत जल स्तर सालाना 2-3 मीटर की दर से गिर रहा है, ऐसे में भारत के पास 2030 तक केवल 50 फीसदी ही जल रह जाएगा। डीसीएम श्रीराम ऐगवॉटर चैलेंज ऐगटेक एवं सोशल टेक उद्यमियों को प्रोत्साहित करता है, जिन्होंने खासतौर पर चावल, गेंहू, गन्ना एवं कपास जैसी फसलों के लिए समाधान विकसित किए हैं, जिनकी सिंचाई में पानी की ज़रूरत अधिक मात्रा में होती है और छोटे किसानों की आजीविका इन्हीं फसलों पर निर्भर करती है, ऐसे में इन किसानों को पानी तथा जलवायु संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है। 16 ऐगवॉटर टेक इनोवेटर्स में से पांच डेटा-उन्मुख एवं इंटेलीजेन्ट इरीगेशन सिस्टम में काम करते हैं। शेष इनोवेटर्स खेत-विशिष्ट जल प्रबन्धन के लिए यूज़र-फ्रैंडली ज्यो-एआई प्लेटफॉर्म तथा आईओटी-इनेबल्ड एम्बेडेड सिस्टम हार्डवेयर पर काम करते हुए पोर्टेबल मॉइश्चर प्रोब के साथ पानी के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करते हैं। इनमें से कुछ जल प्रबन्धन के लिए आधुनिक इमेजिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं, वहीं कुछ अन्य किफ़ायती एवं तर्कसंगत इरीगेशन-ऐज़-अ-सर्विस मॉडल में कस्टमाइज़्ड इरीगेशन सिस्टम का उपयोग करते हैं।

# भगवान गणपति की भव्य स्थापना हुई

- चंबल हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा गणेश महोत्सव का आयोजन



कोटा में गणेश चतुर्थी पर उत्साह के साथ गणपति बप्पा की स्थापना की गई।

**कोटा,** (निसं)। चंबल हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा स्माइलिंग कोटा की पहल के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं उसी कड़ी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों को संदेश देती हुई प्रथम पूजनीय भगवान श्री गणेशजी की डॉक्टर गणेश के रूप में प्रतिमा स्थापित की गई है जिसका 10 दिन तक भव्य श्रृंगार और पूजन अर्चन किया जाएगा।

चंबल हॉस्टल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि कोटा कोचिंग नगरी है और इसी के चलते सभी को स्वास्थ्य का संदेश देने के लिए व उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सभी को मदद मिले इसी उद्देश्य को लेकर के डॉक्टर के रूप में भगवान श्री गणेश को स्थापित किया गया है। विश्वनाथ शर्मा ने कहा कि 10 दिनों तक भगवान गणेशजी की प्रतिदिन महा आरती होगी अनेक तरह के व्यंजनों मिष्ठान व फलों से भोग लगाया जाएगा।

इस दौरान शहर की प्रमुख प्रतिष्ठित लोग भी यहां मां आरती में उपस्थित रहेंगे इसके साथ ही कोचिंग स्टूडेंट भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। मंगलवार को विधि विधान से ढोल की थाप पर नाश्ते गाते भगवान गणेश जी की प्रतिमा को लाया गया और विधि विधान से पूजन अर्चन करके स्थापित किया गया।

डॉक्टर गणेश महोत्सव के सांयकालीन महाआरती में कोटा व्यापार संघ के अध्यक्ष क्रांति जैन एवं महासचिव अशोक माहेश्वरी मुख्य अतिथि रहे। आरती के उपरांत प्रसादी वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर भगवान बिड़ला, मनीष मूंदड़ा, संदीप अग्रवाल, सतप्रित सिंह, राजेश कटारिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राजभाषा सप्ताह का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा के सभाकक्ष में मुख्य कारखाना प्रबंधक सुधीर सरवरिया के मार्गदर्शन में 19 सितम्बर सुबह 09.00 बजे राजभाषा सप्ताह का शुभारंभ एवं राजभाषा प्रश्नमंच (अधिकारियों, पर्यवेक्षक व कर्मचारियों के लिए) आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (।) प्रज्ञेश निंबालकर, की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उप मुख्य यॉत्रिक इंजीनियर पुरूषोतम मीना, सहायक कार्मिक अधिकारी एम.एल.मीना एवं अन्य अधिकारीगण के साथ पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के दीप प्रज्जवलन व पुष्प गुच्छ अर्पण करके की गई। इसके बाद राजभाषा प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार मीना, वरिष्ठ अनुवादक द्वारा किया गया। राजभाषा प्रश्न मंच में राजभाषा संबंधी वर्तमान परिदृश्य से संबंधित, रेलवे से संबंधित रेलवे की विभागीय परीक्षाओं हेतु लाभ प्रद सामान्य ज्ञान, खेलकूद एवं हिंदी साहित्य से संबंधित, के साथ वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को समावेशित करते हुए प्रश्न पूछे गए।

# जेईई मेन-2024 की तिथियां जारी

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2024 की परीक्षा तिथियां नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जारी कर दी हैं। इस वर्ष भी यह परीक्षा जनवरी व अप्रेल में 2 सेशन में होगी। पहले सेशन की परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी के मध्य एवं दूसरे सेशन की परीक्षा 1 से 15 अप्रैल के मध्य करवाई जाएगी।

एनटीए की ओर से इस संबंध में मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन परीक्षाओं का आयोजन कम्प्यूटर बेस्ड मोड पर होगा उनका परिणाम परीक्षा से तीन सप्ताह में जारी कर दिया जाएगा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष भी जेईई-मेन परीक्षा गत वर्ष की परीक्षा तिथियों पर ही हो रही है। गत वर्ष 16 दिसम्बर को परीक्षा तिथियां जारी की गई थीं। परन्तु इस वर्ष विद्यार्थियों के हित को देखते हुए तथा परीक्षा कार्यक्रम को समय पर लाते हुए चार माह पूर्व परीक्षा तिथियां जारी कर दी गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को आने वाली परीक्षाओं की तैयारी की योजना बनाने के लिए पूर्ण समय मिल जाएगा। कोविड से पहले तक 2019 तक जेईई की परीक्षा तिथियां सितम्बर माह में घोषित कर दी जाती थी और इसके साथ ही आवेदन प्रक्रिया भी इसी माह में शुरू हो जाती थी। इस वर्ष भी सबकुछ समय पर होने के कारण अब इस वर्ष भी आवेदन प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही देश के अन्य बड़े इंजीनियरिंग कॉलेजों की परीक्षा तिथियां भी जल्द जारी होने की संभावनाएं हैं।

नीट 5 मई को-एनटीए ने एमबीबीएस डिग्री के लिए देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की परीक्षा तिथि भी जारी कर दी है। सूचना के अनुसार परीक्षा 5 मई 2024 को पेन-पेपर मोड पर होगी। इस परीक्षा का परिणाम जून के दूसरे सप्ताह में जारी किया जाएगा। इसके साथ ही कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) परीक्षा 15 से 31 मई के मध्य सीबीटी मोड करवाई जाएगी। इन सभी परीक्षाओं की सम्पूर्ण जानकारी आवेदन के समय जारी किए गए इनफोर्मेशन बुलेटिन से प्राप्त होगी।

## द अल्टीमेट पाथ टू जेईई एंड एनईईटी सक्सेस लॉन्च

**कोटा,** (निसं)। छात्रों को जेईई और एनईईटी जैसी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन विशेष एनविज़न फाउंडेशन सीरीज़ का पियर्सन इंडिया ने कोटा में अनावरण किया है। टेस्ट की तैयारी से जुड़ी यह पुस्तक श्रृंखला छात्रों को जेईई,एनईईटी, स्कूल,बोर्ड परीक्षा, शैक्षिक, प्रतियोगी परीक्षाओं और एनएसओ, आईओएम, आईएमओ, एनटीएसई, आईओएस और कई अन्य ओलंपियाड जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए तैयार की गई है। यह श्रृंखला कोटा के कुछ सबसे प्रसिद्ध लेखकों-प्रशांत जैन, हर्षित गोयल, चेरी यादव, आशुतोष गौतम और निशा गौतम, डॉ. बेला कलवाडिया, हर्षिता शर्मा, अजय सिंह और अदिति व्यास द्वारा लिखी गई है। लॉन्च पर पियर्सन इंडिया के कंट्री हेड, विनय स्वामी ने कहा,"हर साल, भारत में प्रतिस्पर्धी और प्रवेश परीक्षा के उम्मीदवारों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के मुताबिक इस साल जेईई में उम्मीदवारों की संख्या 11.13 लाख और एनईईटी में 20.87 लाख रही। इन परीक्षाओं में सफल होने के लिए वर्षो की कड़ी मेहनत तथा समर्पण और ध्यान केंद्रित कर तैयारी करने की ज़रुरत होती है। हमारा लक्ष्य उम्मीदवारों की तैयारी के सफ़र में मदद करना है। किताबें विशेष रूप से कोटा के अनुभवी शिक्षकों द्वारा लिखी गई हैं और इसमें विषयों को गहराई से समझने और अभ्यास के लिए विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री शामिल है। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुरूप 16-भाग की पुस्तक श्रृंखला में 6 से कक्षा10 तक के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित की पाठ्यक्रम पुस्तकें शामिल हैं। कक्षा 6वीं और 7वीं के विज्ञान और गणित पाठ्यक्रम की किताबों से लेकर, विभिन्न श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए, विषयों की अवधारणाओं और इस फाउंडेशन श्रृंखला को 8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीवविज्ञान पर अलग-अलग पुस्तकों में विभाजित किया गया है।

## सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। प्राचार्य अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जे.के. बैडमिंटन हॉल, नयापुरा कोटा में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शाला के विद्यार्थी आरुष बिरला (कक्षा 8) यतीश नागर (कक्षा 8) एवं रुद्रांश गुप्ता (कक्षा 6) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की गरिमामयी उपलब्धि पर बधाई दी।

# वर्धमान जैन ने एसडीपी डोनेट की




कोटा के वर्द्धमान जैन एसडीपी डोनेट करने में हमेशा अग्रणी रहते हैं।

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता के सह संयोजक और निस्वार्थ सेवा के लिए हमेशा सक्रिय व तत्पर रहने वाले वर्धमान जैन ने गंभीर मरीज के लिए 37वीं बार एसडीपी डोनेट कर एक और सेवा कार्य को गति दी है। टीम जीवनदाता के संस्थापक संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती मरीज विनय गुप्ता को ए पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, ऐसे में कई जगह प्रयास किया लेकिन डोनर को ब्लड बैंक पहुंचने में देरी पर देरी हो रही थी, और उधर मरीज की हालत गंभीर होती चली जा रही थी। जल्द ही एसडीपी चढ़ाना उनकी जिंदगी बचाना के बराबर हो गई थी। ऐसे में वर्धमान जैन को स्थिति से अवगत कराया तब वे भामाशाह मंडी में नीलामी के काम में व्यवस्त थे। मंडी का काम छोड़ते हुए वर्द्धमान सीधे अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और 37वीं बार एसडीपी डोनेट की। वह अब तक 55 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। यह उनका 92वां डोनेशन था। इस अवसर पर वर्द्धमान जैन ने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत जियो और जीने दो के अनुसार ही जीवन में काम कर रहे हैं। जीव दया के लिए भी प्रयास किए जाते हैं। मानव धर्म और सेवा तो सर्वोपरि है। ऐसे में मानव के जीवन से बड़ा इस संसार में कुछ नहीं है। इसलिए हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोटा वासियों को सकारात्मक सोच के साथ सेवा के लिए आगे आना चाहिए ताकी किसी जरूरतमंद को सहारा मिल सके। वे सदैव मंडी के भाईयो को प्रेरित कर इस जीवनदायिनी अभियान से जोड़ते रहेंगे।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2023/1782 विज्ञप्ति दिनांक:- 18.09.23

नगर विकास न्यास कोटा की योजना अजय आहुजा नगर भूखंड संख्या 151 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 10.12.2013 से श्री जाचिन पुत्र श्री नीलकण्ठ मंगराज को जारी किया गया था जिसकी रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री टुन टुन सिंह पुत्र श्री अलियार सिंह द्वारा विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस रजिस्ट्री की स्वीकृति देने में किसी को कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 151 योजना अजय आहुजा नगर की रजिस्ट्री स्वीकृति श्री जाचिन पुत्र श्री नीलकण्ठ मंगराज के नाम जर्ये मुख्तारआम श्री टुन टुन सिंह पुत्र श्री अलियार सिंह के द्वारा जारी कर दी जायेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान**

क्रमांक:-ननिको-द./उपायुक्त जोन द्वितीय/भ.नि.अनु./2023/3055 दिनांक: 18.9.23

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधु नामदेव पत्नी श्री रमेश चन्द नामदेव निवासी आवास संख्या 210-बी महावीर नगर प्रथम कोटा दक्षिण द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 210-बी महावीर नगर प्रथम कोटा क्षेत्रफल 462.50 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के पक्ष के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। आवास संख्या 210-बी महावीर नगर प्रथम कोटा क्षेत्रफल 462.50 वर्गफुट का आवंटन नगर विकास न्यास कोटा के पत्र क्रमांक एफ/89/77/दिनांक 03.09.1977 को श्रीमती केसर देवी पत्नी प्रेम कुमार अपूर्वा मकान न. 708 वार्ड न. 29 तेलियों के मन्दिर के सामने गोरधनपुरा को आवंटन किया गया। जिसकी लीज डीड जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन क्रमांक 1019 दिनांक 29.11.1977 को श्रीमती केसर देवी अपूर्वा पत्नी श्री प्रेम कुमार अपूर्वा के पक्ष में किया गया। श्रीमती केसर देवी पत्नी प्रेम कुमार अपूर्वा द्वारा वसीयतनामा दिनांक 10.01.2012 उक्त भूखंड की वसीयत स्वयं की पुत्री श्रीमती मधु नामदेव पत्नी श्री रमेश चन्द नामदेव के पक्ष में वसीयत आलेखित की गई है। श्रीमती केसर देवी अपूर्वा की मृत्यु दिनांक 17.04.2012 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत वसीयतग्रहिता श्रीमती मधु नामदेव पत्नी श्री रमेश चन्द नामदेव निवासी आवास संख्या 210-बी महावीर नगर प्रथम कोटा द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां**

क्रमांक:-नपबा/रुपां./2023/7475-76 लोक सूचना दिनांक:-19.09.2023

श्री बीरमलाल पुत्र बिरधीलाल मेघवाल, श्री घनश्याम नायक पुत्र श्री देवीलाल नायक निवासी बमूलिया एवं अखिल नामा पुत्र पुरुषोत्तम नामा मुख्तारआम निवासी बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां, तहसील व जिला बारां | बम्बूलिया | 69<br>70/609<br>कुल किता 2 | 0.46 हे.<br>0.20 हे.<br>कुल रकबा 0.66 हे. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..........को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां